प्रेस नोट दिनांक 12.11.2024 जनपद प्रतापगढ़

थाना मानिकपुर, जनपद प्रतापगढ़

-प्रतापगढ़ पुलिस द्वारा लगातार अपराधियों के विरुद्ध प्रभावी कार्यवाही जारी
-04 अदद देशी बम के साथ 01 अभियुक्त गिरफ्तार
-थाना मानिकपुर पुलिस द्वारा क्षेत्रान्तर्गत रहमत अली तिराहे से गंगा नदी घाट जाने वाले रास्ते से 01 अभियुक्त को किया गया गिरफ्तार

पुलिस अधीक्षक, प्रतापगढ़ डॉ0 अनिल कुमार द्वारा आपराधिक क्रिया कलाप में संलिप्त अपराधियों के विरूद्ध चलाए जा रहे अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक पश्चिमी श्री संजय राय व क्षेत्राधिकारी कुण्डा श्री अजीत सिंह के कुशल पर्वेक्षण में थाना प्रभारी मानिकपुर श्री दीप नारायण के नेतृत्व में उ0नि0 शिशिर पटेल मय हमराह उ0नि0 अचिन्त्य शुक्ल, का0 राजेश कुमार द्वारा संदिग्ध व्यक्तियों, वाहनों की चेकिंग के दौरान, मुखबिर की सूचना पर दिनांक 12.11.2024 को 04 अदद देशी बम के साथ 01 अभियुक्त सोनू सोनकर s/o रामबाबू सोनकर निवासी मिरगढ़वा थाना मानिकपुर जनपद प्रतापगढ़ को थानाक्षेत्र के रहमत अली तिराहे से गंगा नदी घाट जाने वाले रास्ते से गिरफ्तार किया गया।

अभियुक्त सोनू सोनकर s/o रामबाबू सोनकर निवासी मिरगढ़वा थाना मानिकपुर जनपद प्रतापगढ़ के कब्जे से 04 अदद देशी बम बरामद किया गया। बरामदगी के संबंध में थाना स्थानीय पर मु0अ0सं0 234/24 धारा 4/5 विस्फोटक पदार्थ अधिनियम का अभियोग पंजीकृत किया गया है।

गिरफ्तार अभियुक्त का विवरण-
अभियुक्त सोनू सोनकर s/o रामबाबू सोनकर निवासी मिरगढ़वा थाना मानिकपुर जनपद प्रतापगढ़।

बरामदगी-
04 अदद देशी बम बरामद।

पुलिस टीम का विवरण-
उ0नि0 शिशिर पटेल मय हमराह उ0नि0 अचिन्त्य शुक्ल, का0 राजेश कुमार थाना मानिकपुर जनपद प्रतापगढ़।

थाना मांधाता, जनपद- प्रतापगढ़

- मारपीट/ गाली गलौज व हत्या के प्रयास के अभियोग में 02 अभियुक्त गिरफ्तार

-गिरफ्तार अभियुक्त की निशांदेही पर घटना में प्रयुक्त 01 अदद बाँस बरामद

-थाना मांधाता पुलिस टीम नें थाना क्षेत्रान्तर्गत पनियारी बाजार के पास से 02अभियुक्त गिरफ्तार

घटना का संक्षिप्त विवरण-
दिनांक 11.11.2024 को थाना मांधाता क्षेत्रान्तर्गत निवासी ग्राम बुआपुर वादी व उसके परिजनों के साथ आरोपीगणों द्वारा एकराय होकर जान लेने के नियत से लाठी, डण्डो व लोहे की रोड से मारपीट करने आदि आरोपों में प्राप्त तहरीर के आधार पर मु0अ0सं0-165/2024 धारा 109, 115(2), 333, 352, 351(3) बी0एन0एस0 बनाम 04 नामजद अभियुक्त के विरुद्ध पंजीकृत किया गया था।

श्रीमान पुलिस अधीक्षक, प्रतापगढ़ डॉ0 अनिल कुमार द्वारा अपराधिक क्रिया कलाप में संलिप्त अपराधियों के विरूद्ध चलाए जा रहे अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक (पूर्वी) श्री दुर्गेश कुमार सिंह व क्षेत्राधिकारी रानीगंज श्री विनय प्रभाकर साहनी के पर्यवेक्षण व थाना प्रभारी मांधाता श्री सुभाष कुमार यादव के कुशल नेतृत्व में उ0नि0 प्रभात मय हमराह का0 नवनीत कुमार द्वारा आज दिनांक 12.11.2024 को देखभाल क्षेत्र, तलाश वांछित वारण्टी अभियुक्त, संदिग्ध व्यक्तियों की चेकिंग के दौरान, मुखबिर की सूचना पर मु0अ0सं0-165/2024 धारा 109, 115(2), 333, 352, 351(3) बी0एन0एस0 में वांछित 02 अभियुक्तों 01- भीम सिंह पुत्र स्व0 विजय प्रताप सिंह, 02- विपिन कुमार सिंह पुत्र स्व0 विजय प्रताप सिंह निवासीगण ग्राम बुआपुर थाना मांधाता जनपद प्रतापगढ़ को थानाक्षेत्र के पनियारी बाजार के पास से गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त की निशानदेही पर 01 अदद बाँस बरामद किया गया।

गिरफ्तार अभियुक्तों का विवरण -
01- भीम सिंह पुत्र स्व0 विजय प्रताप सिंह निवासीगण ग्राम बुआपुर थाना मांधाता जनपद प्रतापगढ़।

02- विपिन कुमार सिंह पुत्र स्व0 विजय प्रताप सिंह निवासीगण ग्राम बुआपुर थाना मांधाता जनपद प्रतापगढ़।

बरामदगी- घटना में प्रयुक्त 01 अदद बाँस बरामद

गिरफ्तारी करने वाली पुलिस टीम -
उ0नि0 प्रभात मय हमराह का0 नवनीत कुमार थाना मांधाता जनपद प्रतापगढ़।

जनपद प्रतापगढ़

-विजेता खिलाड़ियों को उनके बेहतर प्रदर्शन के लिए एसपी डॉ0 अनिल कुमार द्वारा पुलिस कर्मियों को किया गया सम्मानित

-दिनांक 03.10.2024 से 09.10.2024 तक 11वी वाहिनी पीएसी, सीतापुर में आयोजित 49वीं उत्तर प्रदेश पुलिस वार्षिक शूटिंग स्पोर्ट्स रायफल, रिवाल्वर, शूटिंग एवं एलार्म एफीसियेन्सी रेस प्रतियोगिता(महिला/पुरूष) के इवेन्ट में जनपद प्रतापगढ़ की ओर म0आरक्षी स्वाती वर्मा व म0आरक्षी अंजली दुबे द्वारा भाग लिया गया। प्रतियोगिता में द्वितीय स्थान प्राप्त किया। SP प्रतापगढ़ डॉ0 अनिल कुमार द्वारा, विजेता खिलाड़ियों को उनके बेहतर प्रदर्शन के लिए प्रंशसा कर बधाई दिया गया।

-दिनांक 05.11.2024 से 07.11.2024 तक जनपद कौशाम्बी में आयोजित 27वीं अन्तर्जनपदीय पुलिस जूडो क्लस्टर प्रतियोगिता प्रयागराज जोन की प्रतियोगिता में जनपद प्रतापगढ़ की ओर से म0आरक्षी स्वाती वर्मा, म0आरक्षी अंजली दुबे व अपूर्वा द्वारा भाग लिया जूड़ो में गोल्ड मेडल प्रथम स्थान प्राप्त किया । SP प्रतापगढ़ डॉ0 अनिल कुमार द्वारा, विजेता खिलाड़ियों को उनके बेहतर प्रदर्शन के लिए प्रंशसा कर बधाई दिया गया।

-दिनांक 05.11.2024 से 07.11.2024 तक जनपद कौशाम्बी में आयोजित 27वीं अन्तर्जनपदीय पुलिस जूडो क्लस्टर प्रतियोगिता प्रयागराज जोन की प्रतियोगिता में जनपद प्रतापगढ़ की ओर से आरक्षी रविन्द्र बघेल भाग लिया ताईक्वान्डो में प्रथम स्थान, वुशू में प्रथम स्थान व जूडों में द्वितीय स्थान प्राप्त किया। SP प्रतापगढ़ डॉ0 अनिल कुमार द्वारा, विजेता खिलाड़ी को उनके बेहतर प्रदर्शन के लिए प्रंशसा कर बधाई दिया गया।